वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 148 शनिवार 21 सितम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# सबके प्रयासों और विश्वासों से फलीभूत होगा सबका साथ-सबका विकास और सशक्त-समर्थ भारत का निर्माणः राज्यपाल

**शक्तिपुंज युवाओं में राष्ट्रप्रेम और नैतिक मूल्यों की स्थापना के केंद्र बनें उच्च शिक्षा संस्थान जीजीटीयू में। ''भविष्य का भारत और हमारा योगदान'' विषयक संगोष्ठी कौटिल्य शोध भवन-स्वामी विवेकानंद छात्र कल्याण भवन का हुआ शिलान्यास**






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आजादी के एक सौ साल पूरे होने पर ''विकसित भारत 2047'' की संकल्पना केवल विचार मात्र नहीं अपितु हम सभी भारतीयों का परम उद्देश्य और ध्येय होना चाहिए। यह उज्जवल और स्वर्णिम भारत न केवल सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिक, समृद्धि का प्राप्त होगा बल्कि इसमें सर्व समावेशी विकास, सांस्कृतिक वैभव और उच्च नैतिकता से समुन्नत जीवन भी प्राप्त होगा। इस ध्येय को प्राप्त करना हम सभी का पुनीत दायित्व है और यह तभी प्राप्त होगा जब ऐसे सुनहरे भवष्य को प्राप्त करने की दिशा में हम सभी अपना सम्पूर्ण योगदान करेंगे। सबके सद्प्रयासों और आपसी विश्वासों से ही सबका साथ-सबका विकास होगा और इसी से हम समर्थ और सशक्त देश का निर्माण कर सकेंगे। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को जीजीटीयू द्वारा आयोजित गोष्ठी "भविष्य का भारत और हमारा योगदान" (विकसित भारत/2047) के विशेष सन्दर्भ में विषयक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। राज्यपाल ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश का समृद्ध अतीत इस बात का साक्षी है कि शक्तिपुंज युवाओं ने देश की दिशाएं तय की है। आज के युवा को न केवल अकादमि और वैज्ञानिक दृष्टि से सम्पन्न बनना पड़ेगा अपितु नैतिक रूप से भी समृद्ध और राष्ट्रप्रेमी बनना पड़ेगा। इस लक्ष्य की पूर्ति में उच्च शिक्षा केंद्र सबसे बड़े माध्यम बन सकते हैं। आज युवाओं को अपनी प्राथमिकताएं तय करनी ही होंगी। स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस के जीवन चरित आज प्रेरक होने चाहिए। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन के प्रारंभ में पूज्य गोविन्द गुरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गोविन्द गुरू महामानव थे, जिन्होंने न केवल विदेशी हुकूमत के खिलाफ एक सशक्त जन-आन्दोलन खड़ा कर लोकशाही की स्थापना में अमूल्य योगदान किया अपितु ''संप सभा'' आदि के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई और युगीन सामाजिक कुरीतियों और बुराइयों का उन्मूलन किया। राज्यपाल ने भविष्य के भारत की संकल्पना की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए कहा कि भविष्य के भारत में डिजिटल विकास, स्टार्ट अप, सशक्त और सार्थक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विकास होगा तो साथ ही पर्यावरण संरक्षण, हर गांव अपने बुनियादी सुविधाओं से सम्पन्न बनेगा, अनुकूल अर्थव्यवस्था बनेगी, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नए मानक तय होंगे भौतिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ सनातन मूल्यः दूसरों के हित सोचना, राष्ट्रहित सर्वोपरि, सर्वे भवन्तु सुखिनः आदि भावों के साथ ही समावेशी और सतत विकास को प्राप्त होंगे संगोष्ठी में स्वागत अभिनन्दन करे हुए कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने सत्र-पर्यन्त कार्यों, विकास यात्रा को स्पष्ट किया और साथ ही आगामी समय में विश्वविद्यालय के भावी कार्यों और परियोजनाओं को स्पष्ट किया।

## विकास और सेवा की पाठशाला स्वयं के जीवन से ही

राज्यपाल ने देश के प्रथम लोकसभा स्पीकर जीवी मावलंकर के अनुभव साझा करते हुए एक दृष्टान्त देते हुए कहा कि उस समय एक उच्च शिक्षित युवा स्वयं को अर्थशास्त्र का उच्च विद्यार्थी मानता था और देश के आर्थिक विकास में, नियोजन में अपना योगदान देने की भावना से इच्छा रखता था लेकिन अपने रोज के खाने की थाली में ही अन्न जूठा छोड़ देता था। तब कहा गया कि देश के विकास की योजना और विचार रखने वाला खुद के भोजन की थाली जूठी छोड़ सकता है, खुद का नियोजन नहीं कर सकता वह व्यक्ति देश का क्या नियोजन कर सकेगा। व्यक्त की अपनी योजना की शुरुआत स्वयं अपने जीवन के करनी होगी। राज्यपाल ने संगोष्ठी पूर्व परिसर में "गुलाब-वाटिका" में कदम्ब का पौधा लगाया और कैम्पस में बनने वाले दो भवन- विश्वविद्यालय के शोध अनुभाग हेतु "कौटिल्य शोध भवन" एवं छात्रों के कल्याण और मार्गदर्शन केन्द्रित 'स्वामी विवेकानंद छात्र-कल्याण भवन' का शिलान्यास किया।

JSG Jain Social Groups Int. Federation Grow more to Serve more
ISO 20121:2012
GROUP NO. 154

बन्धुत्व से प्रेम
Walk Together
Talk Together
Act with one Mind
बन्धुत्व के साथ सेवा

# जैन सोशयल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फैडरेशन

के अन्तर्गत

# जैन सोशयल ग्रुप महानगर जयपुर

द्वारा आयोजित




## राज्य स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान 2024

**शनिवार, 21 सितम्बर 2024**
**सांय 6 से 10 बजे**

**स्थान : इन्द्रलोक सभागार**
**भट्टारक जी की नसियाँ, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर**

# परमात्मा का जीवन मेरु पर्वत के समान है: युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज



## पुच्छिस्सणुं संपुट की दसवीं गाथा का वर्णन

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नेई। परमात्मा का जीवन मेरु पर्वत के समान है। शुक्रवार को एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी म.सा. ,उप प्रवर्तिनी कंचनकंवर जी के सान्निध्य में पुच्छिस्सणुं संपुट की दसवीं गाथा का जाप हुआ। युवाचार्यश्री ने इसका महत्व समझाते हुए कहा कि जिसको अपनी इच्छाओं की पूर्ति करनी होती है तो साम, दाम, दण्ड, भेद का प्रयोग करते हैं। आकर्षित करने के अलग - अलग उपाय होते हैं। कैसी भी परिस्थिति आ जाए, हमें डगमगाना नहीं चाहिए। पर्वत के समान अटल बनकर उसका सामना करना चाहिए। पर्वत विचलित नहीं हो सकते। उसका वर्णन इस गाथा में हुआ है। उन्होंने मेरु पर्वत का स्वरूप बताते हुए कहा कि मेरु पर्वत तीन हिस्सों में बंटा है। नीचे की गहरी नींव जो होती है, उससे मजबूत आशियाना खड़ा होता है। मेरु पर्वत 1000 योजन नीचे का भाग बंटा हुआ है। ऊपरी हिस्सा अत्यंत मनोहरी है। मंदिरों की ध्वजा सबसे ऊपर रहती है। पहला हिस्सा वज्रमय होता है। वज्र हीरे को भी कहा गया है। वह बहुत ठोस होता है जिसको तोड़ना असंभव है। बीच का हिस्सा सोने के जैसा होता है। ऊपरी हिस्सा रक्त स्वर्णमाला जैसा होता है। ऐसा है मेरु पर्वत का ढांचा। युवाचार्यश्री ने कहा भगवान की सम्यक दर्शन की नींव होती है। सम्यक ज्ञान व निर्मल भाव युक्त उनका जीवन है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। भगवान महावीर का सम्यक ज्ञान, दर्शन, चारित्र मेरु पर्वत के समान है। परमात्मा ने ऐसी स्थिति को कैसे प्राप्त कर लिया। व्यक्ति ऐसा कैसे बन सकता है। यदि श्वासोच्छवास का तीन भाग अपना लेते हैं तो हमारा नाड़ी शोधन मजबूत हो जाता है। जितना श्वास आप भरते है, उससे दुगुना रोको और धीरे-धीरे उसे छोड़ना चाहिए। जितना हमारी श्वास को विकसित कर सकते हैं, उतने हमारे फेफड़ों का बल बढ़ता है। जिसकी श्वास मजबूत हो, वह कभी घबराता नहीं है। गुब्बारे फुलाने से फेफड़ों के इंफेक्शन खत्म हो जाते हैं। इंफेक्शन यानी हमारे शरीर में ऐसे तत्व उत्पन्न हो जाते हैं जो अशुद्ध हो जाते हैं। जब यह अशुद्धि आ जाती है, उसके कारण गंदगी जमा हो जाती है। ये इंफेक्शन जब शरीर में पैदा हो जाते हैं तो वे शरीर को खत्म कर देते हैं। फेफड़ों की धमनी को जितना फुलाओगे, उतना स्वस्थ रहोगे। उन्होंने कहा एक चीज को एक बार में अच्छी तरह से करो। फेफड़ों को खुलने दो। हमारी छाती मजबूत है तो हमारा ब्लड सकुर्लेशन ,हार्ट स्वस्थ रहेगा। आक्सीजन कम हो जाने से शरीर के अंग डेमेज हो जाते हैं। यह हमारे शरीर का प्रोसेस है। हमारे शरीर में सब अंग रिलेटेड होते हैं। हिमालय में वर्षों तक रहने से लोगों का स्वास्थ्य ऊर्जामय रहता है। यह ऊर्जा हमारी प्राथमिकता



होनी चाहिए। अन्न में ऊर्जा होती है लेकिन उसमें प्राण ऊर्जा होती है। प्राण ऊर्जा उत्पन्न हो जाए तो शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चारित्र युक्त भगवान का जीवन होता है। हम भी अपनी निश्छलता, आस्था को बढ़ाएं। हम सुदृढ़ बनेंगे तो निश्चित रूप से हमारी धर्म आराधना दृढ़ बनेगी। आज हमने परमात्मा की दसवीं गाथा का पाठ किया। किसी प्रलोभन, इमोशनल ब्लैकमेल से घबराएं नहीं। यह परमात्मा का स्वरूप प्रदान करने वाली है। इस दौरान जलगांव से जैन इरिगेशन के चेयरमैन अशोक जैन, प्रदीप रायसोनी, अमर जैन, नरेन्द्र सांडेचा, स्वरूप लुंकड़ इत्यादि युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित हुए। उनका महासंघ के पदाधिकारियों ने सम्मान किया।

# भव्योदय अतिशय क्षेत्र, रैवासा का वार्षिक मेला रविवार 22 सितंबर को, जुटेंगे हजारों जैन धर्मावलंबी




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 दिगम्बर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र, रैवासा के रविवार 22 सितंबर को होने वाले वार्षिक मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। रैवासा क्षेत्र के शिरोमणि संरक्षक एवं कार्यकारिणी सदस्य जयकुमार बड़जात्या (सीकर वाले) ने बताया कि वार्षिक मेले के अवसर पर प्रातः जिन अभिषेक, वृह्द शांति धारा एवं संगीतमय सुमतिनाथ विधान मंडल पूजन के उपरांत दोपहर 1:00 बजे ध्वजारोहण होगा। तत्पश्चात पद यात्रियों एवं अतिथियों का स्वागत और चित्र अनावरण के साथ ही प्रवचन और श्री जी के अभिषेक तथा महा आरती के बाद भव्य रथयात्रा का आयोजन रखा गया है। ज्ञातव्य है कि भव्योदय अतिशय क्षेत्र, रैवासा में अवस्थित खम्बों की सही गिनती आज तक कोई नहीं कर पाया है। इसी प्रकार अनेक चमत्कारी घटनाएं इस क्षेत्र पर हुई है। पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव 108 सुधा सागर जी महाराज का रैवासा क्षेत्र को विशेष आशीर्वाद प्राप्त है और उन्हीं के मार्ग निर्देशन में क्षेत्र के संपूर्ण नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। कार्यकारिणी सदस्य बड़जात्या ने अवगत कराया कि भव्योदय अतिशय क्षेत्र, रैवासा में वार्षिक मेले के अवसर पर पूरे भारतवर्ष के दिगम्बर जैन धर्मावलम्बी आकर अतिशयकारी सुमतिनाथ भगवान के दर्शन एवं पूजन का लाभ उठाते हैं।

# पूज्य गणेश प्रसाद जी वर्णी की 151 वीं जन्म जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

**मनीष विधार्थी. शाबाश इंडिया**

सागर। आध्यात्मिक संत, युग पुरुष, पू. गणेश प्रसाद जी वर्णी जी की 151वीं जन्म जयंती कार्यक्रम वर्णी भवन मोराजी सागर एवं प्रतिमा लोकार्पण कार्यक्रम हंसेरा मड़ावरा उत्तर प्रदेश में संपन्न होगा। श्री दिगंबर जैन संस्कृत महाविद्यालय वर्णी भवन मोराजी एवं वर्णी संस्थान विकास सभा सागर के तत्वावधान में पूज्य वर्णी जी की जन्मस्थली हंसेरा मड़ावरा उत्तर प्रदेश में वर्णी स्मारक का निर्माण कार्य चल रहा था,जहां पर पू. गणेश प्रसाद जी वर्णी की प्रतिमा भी स्थापित होगी, यह दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में 21 सितंबर को श्री दिगंबर जैन वर्णी भवन मोराजी में सुबह 7:00 प्रभात फेरी, ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं वर्णी जी का गुणानुवाद कार्यक्रम संपन्न होगा। सामूहिक पूजन,ध्वजारोहण दोपहर में 1:00 विद्वत संगोष्टी, स्नातक सम्मेलन वर्णी विशेषांक का विमोचन कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसमें देश के सैकड़ों विद्वान शामिल होंगे, शाम 6:00 बजे निर्यापक मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी के सान्निध्य में शंका समाधान कार्यक्रम में सभी



विद्वान उपस्थित रहेंगे। 22 सितंबर को सुबह 10:00 ग्राम हंसेरा मड़ावरा में पूज्य वर्णी जी की प्रतिमा का लोकार्पण कार्यक्रम होगा। दोपहर 1:00 से मुनिश्री अक्षय सागर जी के सान्निध्य में विद्या वाटिका मड़ावरा में वर्णी विचार संगोष्ठी संपन्न होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के डॉ. पंकज तिवारी के निर्देशन में वर्णी फिल्म का लोकार्पण कार्यक्रम होगा श्री दिगंबर जैन संस्कृत विद्यालय मोराजी की स्थापना पूज्य वर्णी जी ने की थी और ऐसे ही अनेक विद्यालय वर्णी जी द्वारा स्थापित किए गए श्री गणेश प्रसाद जी वर्णी की जन्म जयंती सैकड़ो स्थानों पर बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है।

## वेद ज्ञान

### अपेक्षा या उपेक्षा में है सारा सुख या दु:ख

संसार को जब भी हम अपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं तो संग पैदा होता है। जैसे ही उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं तो संग की भावना समाप्त हो जाती है। आसक्ति हटती है, अटैचमेंट टूटता है। इसलिए मैं कहता हूं कि कभी भी किसी की तरफ अपेक्षा की दृष्टि से मत देखना, बल्कि उपेक्षा की दृष्टि से देखना। कोई भी चीज जो मोह रही हो, उससे अटैच मत होईये। रास्ते में चलते हुए आपको अगर बाजार में कोई चीज दिखे, बिकने को तैयार खड़ी गाड़ी दिखे, ज्वैलरी शाप में सजे हए जेवर दिखें, या किसी दुकान में सुन्दर वस्त्रों पर आपने नजर डाली। अगर वहां आपकी उपेक्षा वाली दृष्टि है तो आपका ध्यान सिर्फ देखने में हुआ और आगे चल पड़े। आपका मन उन चीजों से जुड़ा नहीं। लेकिन, यदि अपेक्षा की दृष्टि से देखा और सोचा कि अच्छा ! इतनी अच्छी चीज यहां मिलती है ! मंहगी होगी ! हो सकता है ठीक दाम से भी मिल जाए ! आपने सोचा, सत्संग में जाएंगे, उसके बाद वापिस आते हुए एक बार तो जरूर दुकान में बात करके जाएंगे। जब सत्संग में आकर के बैठे तो ध्यान उसी साड़ी पर, जेवर पर, वस्त्र पर या कार पर होगा। अपेक्षा से देखा न आपने, तो कहीं भी जाओ ! कहीं भी बैठो ! ध्यान बार-बार उसी पर रहेगा। जरा एक बार देख तो लूं। इतनी अच्छी गाड़ी, इतना अच्छा माडल अगर मेरे पास हो तो कितना अच्छा हो। अब यहां उस वस्तु से आपका संग जुड़ गया। रास्ते में चलते हुए अगर आप कहीं कूड़ा कचरा देखते हैं तो उसे आप कभी अपेक्षा की दृष्टि से नहीं देखते, वरन उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं। इसलिए कभी वह गन्दगी आपके मन में याद नहीं रहती। याद वही चीज रहेगी, जिससे आपको आसक्ति हो गई। वह भी चीज या बात याद रहती है, जिसके बारे में आपके भीतर घृणा जाग गई हो। ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जिससे घृणा है, जिससे बैर है वो भी हर समय याद आयेगा और जिसके प्रति आपकी बड़ी आसक्ति है, वह चीज भी आपको हर समय याद आएगी। उठते-बैठते, चलते-फिरते हर समय आप उसे याद करेंगे। यदि आप अपनी दृष्टि को सम्यक बना लेंगे और ना काहू से दोस्ती न काहू से बैर की नीति को अंगीकार कर लेंगे तो फिर कोई याद आने वाला नहीं।

## संपादकीय

# लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत हैं जम्मू-कश्मीर के चुनाव

जम्मू-कश्मीर में इस बार जब लोकसभा चुनावों के दौरान मतदान में वहां के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था, तभी इस बात के संकेत मिल गए थे कि राज्य में राजनीति की तस्वीर तेजी से बदल रही है। अब विधानसभा चुनाव के पहले चरण में चौबीस सीटों के लिए हुए मतदान में बुधवार को जिस तरह वहां 61.13 फीसद वोटिंग का आंकड़ा आया, उससे साफ है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का भरोसा अब देश के लोकतंत्र में मजबूत हो रहा है और उसे ज्यादा



ताकत देने के लिए वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं। यों राज्य में पिछले कुछ समय से लगातार आतंकवादी गतिविधियों के बीच जिस तरह की अप्रिय घटनाएं सामने आती रहीं, उससे इस बात की आशंका जरूर बनी हुई थी कि क्या इसका असर आम लोगों के चुनावों में हिस्सा लेने पर पड़ेगा और मतदान का फीसद कम रह सकता है ! मगर इस डर को धता बताते हुए राज्य के लोगों ने अपना यह रुख स्पष्ट कर दिया कि वे अब वहां लोकतंत्र और राजनीतिक प्रक्रिया को मजबूत करने को लेकर गंभीर हैं। आए दिन होने वाले आतंकी हमलों के जरिए आतंकवादी संगठन यह संदेश देने की कोशिश करते रहते हैं कि राज्य में अस्थिरता और हिंसा के बीच लोगों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रहना चाहिए। अतीत में इस तरह की कोशिशों को कुछ कामयाबी मिली भी जब चुनाव में कभी मतदान का फीसद बेहद कम रहा था। मगर मौजूदा समय में राज्य में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से जो भी राजनीतिक प्रक्रिया चलाई जा रही है, उसमें वहां की जनता की सकारात्मक प्रतिक्रिया उम्मीद जगाती है। दरअसल, राज्य में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद यह आशंका जताई जा रही थी कि वहां की जनता का रुख चुनावों में मतदान के समय शायद सकारात्मक न रहे। सही है कि राज्य में अब भी आबादी के कुछ हिस्सों में इस मसले पर अलग-अलग विचार और असंतोष का भाव रहा है। बल्कि यह चुनावी मुद्दा भी बना और यह माना जा सकता है कि इस सवाल ने भी लोगों को चुनाव में हिस्सा लेने और अपनी राय जाहिर करने के लिए प्रेरक शक्ति का काम किया होगा। यह बेवजह नहीं है कि न केवल मतदान केंद्रों पर लोग उम्मीद से ज्यादा संख्या में उमड़ कर आए, बल्कि शांतिपूर्ण तरीके से वोट डाला। एक समय था जब चुनाव की घोषणा के बाद आतंकवादी संगठनों की ओर से मतदान का बहिष्कार करने के लिए तरह-तरह की धमकियां दी जाती थीं। इस बार भी एक ओर राज्य में चुनाव आयोजित कराने की तैयारी चल रही थी और दूसरी ओर लगातार आतंकवादी संगठनों की ओर से कहीं सीमा पर घुसपैठ का प्रयास किया जा रहा था, कहीं लक्षित हमलों में हत्याएं की जा रही थीं, तो कभी सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमले किए जा रहे थे। ऐसा करके आम जनता के बीच आखिर क्या संदेश देने की कोशिश की गई ?

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सुशासन के दावे

बिहार के नवादा जिले में नरौरा के पास स्थित कृष्णा नगर की एक बस्ती में जिस तरह की अराजकता और आगजनी की घटना सामने आई है, उससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि राज्य में सुशासन के कथित दावे की हकीकत आखिर क्या है ! वहां जिस बस्ती पर एक भीड़ ने हमला कर कम से कम इक्कीस घरों को आग के हवाले कर दिया, वे दलित परिवारों के थे। घटना के बाद पुलिस की शुरूआती रपट में वहां के जिन दो पक्षों के बीच आपस में जमीन पर कब्जे को लेकर हुई हिंसा का संकेत दिया गया है, वह आगे की जांच-पड़ताल और कार्रवाई से स्पष्ट होगा कि इसके जिम्मेदार कौन हैं। मगर ऐसे मामलों में आमतौर पर पुलिस और प्रशासन की ओर से तब तक अनदेखी की जाती रहती है, जब तक घटना तूल न पकड़ ले। इस घटना पर भी राजनीति शुरू हो गई है और आरोपियों को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं, मगर निश्चित रूप से यह राज्य में कानून का राज कमजोर होने का सबूत है। इतना तय है कि नवादा में घरों में आग लगाने और हिंसा करने की घटना कोई अचानक नहीं हुई होगी। विडंबना यह है कि जमीन पर कब्जे या दावे को लेकर दो पक्षों में जब तक छोटे-मोटे टकराव या बहसें होती रहती हैं, तब तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली जाती। मगर पुलिस की सक्रियता तब देखी जाती है, जब मामला आमतौर पर हाथ से निकल जाता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अक्सर अतीत की सरकारों का हवाला देकर यही दावा करते रहते हैं कि उन्होंने राज्य को अराजकता की आग से बाहर निकाला है और उनके राज में सुशासन कायम हुआ है। अफसोस की बात यह है कि राज्य में आपराधिक घटनाओं में ऐसी कोई उल्लेखनीय कमी नहीं देखी जा रही जिससे वहां कानून का राज कायम होने का संकेत मिले। नवादा की घटना में शामिल लोगों के भीतर यह खौफ क्यों नहीं था



कि पुलिस उन्हें ऐसा करने से रोक सकती है या उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी ? सच यह है कि राज्य में आए दिन होने वाली आपराधिक वारदात की बढ़ती जटिलता यह बताती है कि वहां सामाजिक रूप से कमजोर तबके असुरक्षित हैं और कानून-व्यवस्था बेहद कमजोर हालत में है।


परम पूज्य आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज
परम पूज्य नवाचार्य श्री १०८ समयसागर जी महाराज
महिला संस्कार शिविरों के जनक परम पूज्य तीर्थचक्रवर्ती जगतपूज्य
निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव 108
श्री सुधासागर जी महाराज
के पावन सान्निध्य में
ऐतिहासिक सफलताओं के साथ
अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति एवं
श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति
29 वाँ राष्ट्रीय महिला अधिवेशन
भाग्योदय तीर्थ सागर (म.प्र.)
25-26 सितम्बर, 2024
मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज
क्षुल्लक गौरव श्री 105 गंभीर सागर जी महाराज
क्षुल्लक गौरव श्री 105 वरिष्ठ सागर जी महाराज
क्षुल्लक गौरव श्री 105 विदेह सागर जी महाराज
राष्ट्रीय महिला नेतृत्व श्रीमती शीला जैन डोड्या टीम का विशेष अनुरोध :
आप सभी सदस्याएँ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर पर गुरू आशीष से सिंचित हों।
: परम शिरोमणि संरक्षक :
वृत्ति श्राविका श्रीमती सुशीला पाटनी
मदनगंज-किशनगढ़ (राज.)
: संरक्षक :
श्रीमती शान्ता पाटनी श्रीमती तारिका पाटनी
मदनगंज-किशनगढ़ (राज.)
राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला जैन डोड्या जयपुर
महामंत्री श्रीमती इन्दु गाँधी अशोक नगर
कोषाध्यक्ष डॉ. वन्दना जैन जयपुर
युवा प्रकोष्ठ मंत्री डॉ. ममता जैन पुणे
महिला प्रकोष्ठ मंत्री मधु शाह कोटा
संयोजक श्रीमती शालिनी बाकलीवाल • श्रीमती संगीता सौगानी • श्रीमती डिम्पल गदिया
श्रीमती ममता गंगवाल • श्रीमती रेखा 'अहिंसा' • श्रीमती मधु पाटनी
सह-संयोजक : श्रीमती रानू करांपुर, श्रीमती प्रीति पाली, श्रीमती साक्षी सराफ, श्रीमती सोभना जैन, श्रीमती मीना चश्मा, श्रीमती सुषमा चौधरी, श्रीमती कान्ता जैन, श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती सुनीता नायक, श्रीमती सपना जैन, श्रीमती ज्योति बम्हौरी, श्रीमती रीता मोदी, श्रीमती कल्पना जैन
वात्सल्य सत्कार : बाहर से पधारने वाले महानुभावों हेतु आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था है।
विद्या सुधामृत सामाजिक कल्याणक समिति, सागर (म.प्र.)
सुरेन्द्र जैन (सट्टू) अध्यक्ष 93029-12981
राजकुमार जैन मिड्डी महामंत्री 94605-67981
राजेश जैन एडीना अध्यक्ष 93029-12981
राजेन्द्र जैन केसली गौरव अध्यक्ष 94251-71451
ऋषभ जैन बादरी मुख्य संयोजक 93029-10021
सुरेन्द्र जैन डबडेरा कोषाध्यक्ष 98262-93384
आशीष जैन पटना स्वागत अध्यक्ष 94251-72301

# जैन समाज के लोगों ने मनाया क्षमावाणी पर्व

## आत्मा की शुद्धि का पर्व है 'क्षमावाणी', माफी मांगने का महापर्व

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**




ब्यावर। क्षमावणी पर्व या 'क्षमा दिवस' दिगंबर जैन धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाने वाला एक खास पर्व है। इसे क्षमावाणी, क्षमावानी या क्षमा पर्व भी कहते हैं। दिगंबर अनुयायियों द्वारा यह पर्व आश्विन मास कृष्ण पक्ष की एकम के दिन मनाया जाता हैं। इस पर्व पर अपने आत्मिक शुद्धता के लिए सबसे अपने भूलों की क्षमा याचना की जाती है। यहां माफी मांगने का मतलब यह नहीं कि आप गलत हैं और दूसरा सही। श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियां में पंडित अभिषेक शास्त्री ने बताया कि दसलक्षण या पयुर्षण महापर्व के 10 दिन मन का अहंकार दूर करके झुकने की कला, दूसरों का दिल जीतने की, किसी के भी दिल को ठेस न पहुंचाने की शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा हमें देते हैं और निरंतर क्षमा के पथ पर आगे बढ़ाते हुए मोक्ष की प्राप्ति कराते हैं। दसलक्षण पर्व के दिनों में किया गया त्याग और उपासना हमें जीवन की सच्ची राह दिखाते है। जैन धर्म में 'क्षमा' भाव को वीरों का आभूषण कहा गया है। क्षमा भाव धर्म का आधार है और यह सभी के लिए हितकारी होता है। क्रोध-कषाय सदा सभी के लिए अहितकारी माना गया है। वैदिक ग्रंथों में भी क्षमा की श्रेष्ठता पर बल दिया गया है। क्षमा शब्द मानवीय जीवन की आधारशिला है। जिसके जीवन में क्षमा है, वही महानता को प्राप्त कर सकता है। क्षमावाणी हमें झुकने की प्रेरणा देती है। दसलक्षण पर्व हमें यही सीख देता है कि क्षमावाणी के दिन हमें अपने जीवन से सभी तरह के बैर भाव-विरोध को मिटाकर प्रत्येक व्यक्ति से क्षमा मांगनी चाहिए और हम दूसरों को भी क्षमा कर सकें यही भाव मन में रखना चाहिए। यही क्षमावाणी है। हमें चाहे छोटा हो या बड़ा क्षमा पर्व पर सभी से दिल से क्षमा मांगी जानी चाहिए। क्षमा कभी भी सिर्फ उससे नहीं मांगी जानी चाहिए, जो वास्तव में हमारा दुश्मन है। बल्कि हमें हर छोटे-बड़े जीवों से क्षमा मांगनी चाहिए। जब हमें क्रोध आता है तो हमारा चेहरा लाल हो जाता है और जब क्षमा मांगी जाती है तो चेहरे पर हंसी-मुस्कुराहट आ जाती है। क्षमा हमें अहंकार से दूर करके जीवन में विनम्र बनना सिखाती है। क्षमावाणी पर्व पर क्षमा को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची मानवता है। हम क्षमा उससे मांगते हैं, जिसे हम धोखा देते है। जिसके प्रति मन में छल-कपट रखते है। जीवन का दीपक तो क्षमा मांग कर ही जलाया जा सकता है। अतः हमें अपनी पत्नी, बच्चों, बड़े-बुजुर्गों, पड़ोसी हो या हमारे मिलने-जुलने वाले सभी से क्षमा मांगना चाहिए। क्षमा मांगते समय मन में किसी तरह का संकोच, किसी तरह का खोट नहीं होना चाहिए। हमें अपनी आत्मा से क्षमा मांगनी चाहिए, क्योंकि मन के कषायों में फंस कर हम तरह-तरह के ढ़ोंग, स्वांग रचकर अपने द्वारा दूसरों को दुख पहुंचाते हैं। उन्हें गलत परिभाषित करने और नीचा दिखाने के चक्कर में हम दूसरों की भावनाओं का ध्यान नहीं रखते

### उत्तम क्षमा-सबको क्षमा-सबसे क्षमा

आज दिन में शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड मे श्रीजी का कलश करने का सौभाग्य उत्तम चन्द जी सौरभ बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद आदिनाथ मंदिर जी में कलश करने का सौभाग्य पारसमल टीकम चन्द कासलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। पार्श्वनाथ मंदिर जी मे कलश करने का सौभाग्य आनंद टीकमचंद गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। श्री दिगम्बर जैन पंचायत ने दसलक्षण में तपस्या व उपवास किये उनका श्री दिगंबर जैन पंचायत द्वारा तिलक माला साफा शाल पहनाकर बहुमान किया तथा इस साल समाज के प्रतिभा शाली बालक व बालिकाओ का भी सम्म्मान किया गया। इन सारे कार्यक्रम में दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला, सचिव दिनेश अजमेरा उपाध्यक्ष विजय फागीवाला सहमंत्री विकल जैन कासलीवाल शाशि कांत गदिया, अमित गोधा राजकुमार पहाड़िया महेंद्र सोनी अतुल पाटनी श्रीपाल अजमेरा संदीप पाटनी मारवाडी समाज के अध्यक्ष पारस कासलीवाल नितिन छाबड़ा आनन्द गंगवाल विनोद काला पार्श्वनाथ मंदिर के अध्यक्ष संजय राँवका संजय गंगवाल प्रद्युम्न जैन की समस्त कार्यकरणी उपस्थित थी और इसमे समाज के गणमान्य व्यक्तियों में जम्बू कुमार राँवका चन्द्र प्रकाश गोधा लादूलाल जैन खेमराज बाकलीवाल हरीश जैन पवन पाटनी पवन बड़जात्या अनिल रानीवाला मनोज कासलीवाल देवेंद्र फागीवाला पदम पाटनी शरद राँवका निमल शाह कमल जैन घनश्याम दास जैन कमल जैन जितेन्द्र ठोलिया जिनेन्द्र फागीवाला विजय रांवका राजेन्द्र गोधा अनिल डोसी व समस्त मण्डल की कार्यकारणी व समाज की महिला व पुरुष बालक व बालिकाएं उपस्थित थी ।


दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर एवं
आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर के द्वारा
उत्तम क्षमा
48 दीपको से रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ
भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान
सोमवार, 23 सितम्बर 2024
सायं 7.00 बजे से
-: प्रथम दीप प्रज्वलन कर्त्ता :-
श्रीमती सरोज जी जैन पांड्या
(धर्मपत्नि स्व. श्री पदम चन्द जैन पांड्या, चाँदसेन वाले)
गायक
श्री अशोक गंगवाल एंड पार्टी
स्थान : श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, संघी जी, सांगानेर, जयपुर
कार्यक्रम ड्रेस कोड: पुरुष वर्ग – सफेद कुर्ता पायजामा/पेंट शर्ट, महिला वर्ग – केसरिया/पीली साड़ी
आदिनाथ मित्र मण्डल
सुनील जैन अध्यक्ष, राकेश गोदिका संरक्षक, विमल जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र बाकलीवाल मंत्री
संजय जैन 'आवां' उपाध्यक्ष, साकेत जैन उपाध्यक्ष, अशोक सेठी संयुक्त मंत्री, अनिल जैन डोड्या संयुक्त मंत्री, मुकेश जैन कोषाध्यक्ष
कार्यकारिणी सदस्य : टीकम जैन, अशोक सोगानी, राजेन्द्र जैन बोरखंडी, अनिल जैन (दोशी), अशीष शाह, अशोक जैन (आगरा रोड), पं. विनोद शास्त्री
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर
राजेश बड़जात्या अध्यक्ष, अनिल कुमार जैन (Rt. IPS) संस्थापक अध्यक्ष, यश कमल अजमेरा निवर्तमान अध्यक्ष, निर्मल संघी महासचिव, पारस जैन कोषाध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर
मनीष-शोभना लोंग्या अध्यक्ष, राकेश-समता गोदिका संस्थापाक अध्यक्ष, दिलीप-प्रमिला पाटनी कोषाध्यक्ष, राजेश-रानी पाटनी सचिव
सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या संरक्षक, दर्शन-विनीता जैन संरक्षक, राजेश-जैना गंगवाल संरक्षक, विनोद-शशि तिजारिया संरक्षक, दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक

।। श्री आदिनाथाय नमः ।। !! श्री पद्मप्रभनाथाय नमः !! ।। श्री महावीराय नमः ।।



# भारतीय जैन युवा परिषद्

**एवं सकल दिगम्बर जैन समाज जयपुर के तत्वाधान में**

# विशाल पद यात्रा बाड़ा–पदमपुरा

प्रत्येक पदयात्री को **आकर्षक उपहार**

**दिनांक : शनिवार, 21 सितम्बर 2024, रवानगी दोपहर 3 बजे**

लक्की ड्रा **21 पुरस्कार** केवल पदयात्रियों के लिए

मुख्य रवानगी स्थल – श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी, सांगानेर सभी पदयात्री शाम 4:30 बजे तक शहनाई गार्डन (हल्दी घाटी चौराहा) प्रताप नगर पहुँचेंगे यहाँ पर शाम का भोजन लेने के पश्चात सायं 6:30 बजे सभी पदयात्री जयघोष के साथ बाड़ा पदमपुरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

संगीतकार **नरेन्द्र जैन** वॉइस ऑफ पिंकसिटी

सहयोग राशि **50/– रु.** प्रति पदयात्री

**दिनांक – रविवार 22 सितम्बर 2024**

| प्रातः 6:30 बजे | प्रातः 8:00 बजे | प्रातः 9:00 बजे | दोपहर 12:15 बजे |
|---|---|---|---|
| सामूहिक कलशाभिषेक | अल्पाहार | पद्मप्रभु विधान | वात्सल्य भोज |

विधानाचार्य **ब्र.प. अनिल शास्त्री** पदमपुरा

**मुख्य संयोजक**

| योगेश बडजात्या | शैलेन्द्र छाबडा (एडवोकेट) | पवन वैद (करौली) | अनिल पाटनी (चौरु) |
|---|---|---|---|
| 9672456700 | 9829279828 | 9929597285 | 8104810113 |

**विवेक विहार जैन मन्दिर संयोजक – अरुण जैन – 8290122504**

**देवेन्द्र बोहरा ''लाखना''**
प्रदेश अध्यक्ष – 9571584524

**नेमीचन्द छाबड़ा**
**विजय जैन खटवाडा वाले**
प्रदेश उपाध्यक्ष

**परम शिरोमणि संरक्षक :–**
श्री विनय सोगानी ''वर्ल्ड जैम्स'', श्री राजीव जैन ''गाजियाबाद''
श्री अनिल जैन Retd. IPS, श्री महेश काला, श्री महेन्द्र गिरधरवाल

**सलाहकार :–**
दीक्षांत हाड़ा, विनोद जैन लदाना, प्रणव लुहाडिया, अविनाश जैन, अखिलेश जैन नैनवा, अल्का जैन AEN

**रवि रांवका**
प्रदेश महामंत्री
7793803057

**राकेश काला**
प्रदेश कोषाध्यक्ष

**संस्थापक सदस्य** रतन सोगानी, प्रेरणा लुहाडिया, अनन्त जैन, विजय पाटनी, रानी पाटनी, अनिल पाटनी, अक्षय जैन, आशीष तोतुका, आकाश शाह, अनुज जैन, विपिन जैन, सारथी काला, हेमन्त बडजात्या, प्रदीप काला, आलोक पाटनी, अनिता जैन, प्रवीण जैन, सुनिता जैन, अखिल सोगानी

**FillerBay**
Cakes, Coffee and More
**Jain's Café & Bakery**
7300001175, 8619696915
Home Delivery Available On Call
Devaram Plaza, Patrakar chauraha, Iskcon Road, Jaipur

# शहर में गूंजे महावीर के जयकारे

## दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों ने किये सोलहकारण के निराहार उपवास, एक माह एवं 16 दिन के उपवास करने वाले त्यागी व्रतियों की निकली शोभायात्राएं, समाज बन्धुओं ने किया अभिनन्दन







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के भाद्रपद मास के दौरान सोलहकारण  के निराहार रहकर उपवास करने वाले त्यागी व्रतियों के उपवासो की अनुमोदना करते हुए गुरुवार, 19 सितम्बर को शहर के कई दिगम्बर जैन मंदिरों एवं कालोनियों में शोभायात्राऐं निकाली गई। इससे पूर्व समाज बन्धुओं द्वारा माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात उनके निवास पर पारणा करवाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बापूनगर में सोलहकारण के उपलक्ष्य में 16 दिन के उपवास करने वाली तपस्वी मौसमी दीवान को बापूनगर के गणेश मार्ग स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में श्री जी के दर्शन के बाद विन्टेज कार में बैठाकर उनकी बैण्ड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर समाजश्रेष्ठी विजय दीवान, राजीव जैन गाजियाबाद,प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, आलौक जैन, विनय सोगानी, शैलेन्द्र गोधा, विराट दीवान, आशा दीवान, सीमा जैन गाजियाबाद, स्नेहलता सोगानी सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। मार्ग में समाज बन्धुओं द्वारा कई स्थानों पर फूलों की बरसात की गई। श्रीमती दीवान की शोभायात्रा उनके निवास पहुचने पर समाज बन्धुओं द्वारा माला, दुपट्टा, शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात उनका पारणा करवाया गया। इसी प्रकार से झोटवाडा के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से श्रीमती रेणु पाटनी, मानसरोवर के मांग्यावास में गिरीश जैन, जनकपुरी में शकुंतला बिन्दायक्या, गोपालबाडी में रुपा देवी बडजात्या, सिविल लाइन्स में अशोक बगड़ा सहित कई मंदिरों में एक माह एवं 16 दिवसीय उपवास करने वाले त्यागी व्रतियों का अभिनन्दन किया गया तथा उनकी शोभायात्राऐं निकाली गई। इससे पूर्व बुधवार को  दशलक्षण महापर्व के दौरान दस दिन के उपवास करने वाले त्यागी व्रतियों का अभिनन्दन किया गया तथा उनकी भी जगह जगह शोभायात्राऐं निकाली गई। जैन के मुताबिक 400 परिवारों के बीच में दस दिन के उपवास करने वाली अकेली रुचि जैन को प्रातः गाजों बाजों के साथ मंदिर से उतारा जाकर धूमधाम से उनकी शोभायात्रा निकाली गई। बग्घी में बैठाकर शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई उनके निवास पर पहुची जहां पर जयकुमार - छवि जैन, नितेश जैन, मनोज सोगानी, प्रकाश चांदवाड, राजेन्द्र काला, यशकमल अजमेरा, भारतभूषण जैन, रेखा लुहाडिया, रेखा पाटनी, रानी सोगानी सहित कई गणमान्य लोगों ने रुचि जैन का अभिनन्दन किया। जैन के मुताबिक सूर्य नगर तारों की कूट पर प्रमिला पाटनी,भाग्यश्री जैन, आचार्यो का रास्ता में अंजू गोधा, कीर्ति नगर में अशोक चांदवाड सहित कीर्तिनगर, श्यामनगर, चित्रकूट कालोनी,झोटवाडा, प्रतापनगर, बापूनगर, जवाहर नगर, मीरामार्ग, थड़ी मार्केट अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, दुर्गापुरा, मालवीय नगर सहित कई मंदिरों, कालोनियों में शोभायात्राऐं निकाली गई। तत्पश्चात उनको पारणा करवाया गया।


### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

अध्यक्ष



**प्रकाश चन्द चांदवाड़**
(दौसा वाले)
93525-84197

मतभेद और मन भेद को समाप्त
करके एक हो जाओ,
भगवान के मत की ओर आ जाओ
फिर सारे संघर्ष समाप्त हो जायेंगे।

अत: हमारे द्वारा
जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिये
सच्चे हृदय से क्षमा प्रदान करें।

# उत्तम क्षमा

मंत्री



**राजेन्द्र कुमार काला**
(चन्दलाई वाले)
93143-81608

## प्रबन्धकारिणी कमेटी 2022-2025

कार्याध्यक्ष



**सतेन्द्र पाण्ड्या**
93145-32257

उपाध्यक्ष



**सुनील कुमार संगही**
94143-49585

उपाध्यक्ष



**नरेश कुमार बाकलीवाल**
(निमोड़िया वाले) 98296-81717

कोषाध्यक्ष



**विमल कुमार गंगवाल**
(निमोड़िया वाले) 88904-29428

संयुक्त मंत्री



**महावीर प्रसाद बाकलीवाल**
(झागवाले) 97995-66030

सांस्कृतिक मंत्री



**श्रीमती रेखा पाटनी**
(काशीपुरा वाले) 94604-93184

प्रचार-प्रसार मंत्री




**डॉ. मनीष जैन मणि**
98280-88810

संगठन एवं भण्डार मंत्री



**दिलीप कुमार कासलीवाल**
98282-62782

त्यागीव्रती व्यवस्था मंत्री



**महेन्द्र कुमार सेठी**
93145-28676

### कार्यकारिणी सदस्य



**यशकमल अजमेरा**
98290-67076



**नेमी निगोतिया**
98290-84878



**भारत भूषण अजमेरा**
98283-63615



**जय कुमार जैन**
(बगरू वाले) 98280-15711



**महावीर कुमार चांदवाड़**
85050-30011



**भागचन्द बाकलीवाल**
(मित्रपुरा वाले) 99509-99339

### कार्यकारिणी सदस्य




**आनन्द अजमेरा**
97826-10000



**श्रीमती ऋतु चांदवाड़**
83868-90233

### महिला मण्डल



**श्रीमती रेखा लुहाड़िया**
अध्यक्ष



**श्रीमती रानी सौगानी**
मंत्री

मुद्रक : सिद्धार्थ कम्प्यूटर्स, 80030-90705

# लैंगिक संवेदनशीलता पर एक संगोष्ठी का आयोजन




**जयपुर।** एस एस जैन सुबोध सुबोध महाविद्यालय की महिला कल्याण प्रकोष्ठ एवम राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संघ (RUWA) के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक संवेदनशीलता पर एक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 20 Sept,2024 को किया गया, जिसका उद्देश्य लैंगिक जागरूकता की अवधारणा को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों, विशेष रूप से छात्रों, के बीच लैंगिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनसे जुड़े विशिष्ट प्रश्नों का समाधान करना था।संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में RUWA की अध्यक्ष डॉ. शशिलता पुरी और RUWA की उपाध्यक्ष डॉ. बीना अग्रवाल शामिल थीं, जिन्होंने आज के समाज में लैंगिक भूमिका की महत्ता और शैक्षणिक संस्थानों की इस दिशा में भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त राजस्थान विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान की प्रोफेसर डॉ. उमा मित्तल ने लैंगिक मुद्दों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कॉलेज में पढ़ाने के अपने वर्षों के अनुभव के आधार पर संगठनात्मक और पारस्परिक स्तर पर लैंगिक पूर्वाग्रह को संबोधित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। महिला अधिकारों के लिए कई वर्षों तक काम करने के बाद, उन्होंने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।डॉ. प्रिया, सचिव, RUWA ने वैज्ञानिक क्षेत्र में महिलाओं से जुड़े लैंगिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी बात रखी।शैक्षणिक क्षेत्र और कार्यक्षेत्र में महिलाओं के अनुभवों पर विशेषज्ञों के ये विचार प्रतिभागियों के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुए।बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में सिखाने के लिए कई फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जो उनके लिए एक रोचक और नवीन तरीका था। प्रो. बीना अग्रवाल ने साथियों के बीच संवाद और चर्चा के महत्व पर जोर दिया। वक्ताओं के साथ प्रश्नोत्तर के अलावा, यह एक ऐसा अवसर था जहाँ वास्तविक मुद्दों के बारे में अधिक जानने का मौका मिला, जो अक्सर अनदेखे रह जाते हैं।कार्यक्रम में RUWA का एक समर्पित महिला सुरक्षा एवम सलाह केंद्र ,अशोक नगर पुलिस थाना के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान की गई।

# पौधा रोपण कर मनाया जन्म दिवस



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के हरपाल नगर में स्थित चौ. हरपाल सिंह कान्वेंट स्कूल के निदेशक डॉ. सतबीर सूर्यवंशी ने पौधारोपण कर अपना जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी स्टाफ सदस्यों की मौजूदगी में केक काटा गया व इसके बाद पौधारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अपने पारिवारिक व व्यक्तिगत शुभ कार्यों में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ की जय जिनेन्द्र प्रतियोगिता संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा दसलक्षण पर्व के दौरान वर्धमान सरोवर जैन मंदिर में जय जिनेंद्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । ग्रुप अध्यक्ष सुनील सोगानी ने बताया कि 10 लक्षण पर्व के दौरान लगभग 70 परिवारों को फोन किए गए जिसमें 16 विजेताओं को दिनांक 19 सितंबर 2024 को वर्धमान सरोवर मंदिर प्रांगण में पारितोषिक वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधिपति अतुल कुमार जैन एवं वर्धमान सरोवर जैन मंदिर के गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# भीलवाड़ा में आज 21 से राजन महाराज के मुखारबिंद से श्रीरामकथा, बहेगी रामभक्ति की अविरल धारा

## भव्य कलश शोभायात्रा से होगा श्रीरामकथा महोत्सव का आगाज, चित्रकूटधाम में तैयार विशाल वाटरप्रूफ पांडाल

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**



धर्मनगरी भीलवाड़ा में शनिवार 21 सितम्बर से श्रीरामकथा की गूंज होने वाली है। कथा महोत्सव का आगाज होने से पहले ही पूरे शहर का माहौल श्रीरामकथा मय हो गया है। श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट एवं श्री रामकथा सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में नगर निगम के चित्रकूटधाम प्रांगण में 29 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्री रामकथा महोत्सव का आयोजन होगा। कथावाचन अयोध्या के ख्यातनाम कथावाचक राजन महाराज के मुखारबिंद से होगा। संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में हर कोई इस रामकथा का श्रवण करने के लिए उत्सुक नजर आ रहा है। राजन महाराज शनिवार सुबह भीलवाड़ा पहुंच जाएंगे। पहली बार भीलवाड़ा कथावाचन के लिए आ रहे राजन महाराज का भव्य स्वागत भी आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। राजन महाराज द्वारा व्यास पीठ पर विराजित होकर हजारों भक्तों की मौजूदगी में संकट मोचन हनुमानजी महाराज को श्रीराम कथा का श्रवण कराया जाएगा। श्री रामकथा सेवा समिति के अध्यक्ष गजानंद बजाज ने बताया कि महोत्सव का आगाज शनिवार सुबह 11 बजे हरिशेवाधाम से महामंडेलश्वर हंसारामजी महाराज एवं महंत बाबूगिरीजी महाराज के नेतृत्व में निकलने वाली 108 कलश की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल होंगी। शोभायात्रा सीतारामजी की बावड़ी, सेवासदन रोड, सूचना केन्द्र, गोलप्याउ चौराहा, संकटमोचन हनुमान मंदिर होते हुए कथास्थल चित्रकूटधाम पहुंचेगी। इसका मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। कलश शोभायात्रा में कई संत-महात्माओं के साथ समाज के विभिन्न वर्गो के लोग शामिल होंगे। कलश शोभायात्रा में अधिकाधिक मातृशक्ति एवं धार्मिक-सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हो इसके लिए समिति की महिला प्रमुख मंजू पोखरना के नेतृत्व में कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से तैयारियों व जनसम्पर्क में जुटे हुए है। समिति के महासचिव पीयूष डाड एवं कन्हैयालाल स्वर्णकार ने बताया कि कथास्थल चित्रकूटधाम पर भव्य डोमयुक्त वाटरप्रूफ पांडाल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है एवं भव्य आकर्षक स्वागत द्वार का भी निर्माण किया गया है। सभी श्रद्धालुओं के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था की गई है एवं पांडाल में अलग-अलग जगह एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। समिति के अध्यक्ष बजाज ने बताया कि रामकथा सुनने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा सहित सभी जरूरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी आयोजन समिति की तरफ से की गई है। श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत श्री बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य एवं निर्देशन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मंच संचालन का दायित्व पंडित अशोक व्यास संभालेंगे। बचपन से ही आध्यात्मिक क्षेत्र में विशेष रूचि रखने वाले कोलकात्ता निवासी राजन महाराज ने शिक्षा प्राप्ति के बाद कुछ समय तक नौकरी की। वह वर्ष 2001 से प्रेमभूषण महाराज के सानिध्य में आए धर्म ओर भक्ति क्षेत्र से जुड़ गए। वर्ष 2011 से राजन महाराज ने कथावाचन शुरू किया। भगवान राम के प्रेरणादायी जीवन प्रसंग सुनाते-सुनाते उनकी पहचान रामकथा वाचक के रूप में बन गई।

# आचार्य सुंदरसागरजी महाराज को राजस्थान सरकार ने प्रदान किया राज्य अतिथि का दर्जा

### जिनवाणी सुनकर भी मन के पाप नहीं मिटे तो दुर्गति होना तय-आचार्य सुंदरसागर महाराज, शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में वर्षायोग प्रवचन

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**





भीलवाड़ा। शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में चातुर्मास कर रहे राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागरजी महाराज को राजस्थान सरकार ने राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र भेंजकर मांग की थी। इसके बाद राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किए है। आदेश की प्रति भीलवाड़ा जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को भेज निर्देश दिए गए है कि आचार्य सुंदरसागरजी महाराज के लिए राज्य अतिथि के प्रोटोकॉल के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए है। समिति के मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि आचार्य सुंदरसागरजी महाराज को राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान करने के लिए जैन समाज एवं श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति ने विधायक अशोक कोठारी के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका एवं मुख्यमंत्री भजनलालजी शर्मा का आभार व्यक्त किया है। इधर,चातुर्मासिक(वषायोग) वषायोग प्रवचन के तहत शुक्रवार को राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज ने कहा कि जिनवाणी सुनकर भी यदि मन का पाप नहीं मिटता है तो दुर्गति होना तय है। जिनवाणी सुनते-सुनते यदि नींद आ रही है तो दुर्गति में जाने की राह खुलती है। जिनवाणी के रूप में भगवान महावीर की पावन देशना जन-जन के लिए कल्याणकारी है। राग द्धेष से रहित प्रत्येक वाक्य जन-जन के लिए हितकारी है। जिनकी आत्मा से प्रीति हो जाती है वहीं जिनवाणी सुनने के पात्र हो जाते है। उन्होंने कहा कि यदि कर्म हमे सताते है तो समझ लेना चाहिए हमे जिनवाणी नहीं सुहाती है। मोह, राग,द्धेष जब हावी हो जाते है तो जिनवाणी अच्छी नहीं लगती है। आचार्यश्री ने कहा कि मोहनी कर्म का उदय होने पर अपने भावों को नहीं बदल सकते। मन विषयों में डोल रहा है तो समझ लेना दुर्गति का बंध हो गया। जिनवाणी सुनने का सौभाग्य विरलों को ही प्राप्त होता है। आत्मा के रोग दूर करने के लिए जिनेन्द्रदेव के वचन परम औषधि है जो श्रद्धाभाव होने पर सुनने को मिलते है। अमृत तुल्य इस औषधि का सेवन करने वाला अमर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कर्मो का क्षय करके मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। भाव अच्छे होने पर सुगति का बंध होता है। आत्मा की सफाई करने वाला मुनि बन जाता है। श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि सुभाषनगर जैन समाज ने आचार्यश्री को श्रीफल भेंट कर सुभाषनगर पधारने की विनती की। सभा के शुरू में श्रावकों द्वारा मंगलाचरण,दीप प्रज्वलन,पूज्य आचार्य गुरूवर का पाद प्रक्षालन कर उन्हें शास्त्र भेंट व अर्ध समपर्ण किया गया। संचालन पदमचंद काला ने किया। महावीर सेवा समिति द्वारा बाहर से पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया।

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 के बहुरंगीय पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर के तत्वावधान में भगवान श्री अग्रसेन की 5148वीं जन्म जयंती के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाडेवाला ने बताया कि श्री अग्रसेन की 5148वीं जन्म जयंती के अवसर पर 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2024 तक आयोजित कार्यक्रम की सफलता के आज मालवीया नगर जयपुर के विधायक कालीचरण सर्राफ ने बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर अग्रसेन जयंती के मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल मैडवाले एवं समिति के अतिरिक्त महामंत्री कमल नानूवाला, एवं विनोद अग्रवाल उपस्थित रहे। जयंती के मुख्य संयोजक सुभाष मेडवाले ने बताया कि... 3 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण एवं 9:30 बजे पूजा अर्चना के साथ आरती की जाएगी। 3 अक्टूबर गुरूवार को सायंकाल 4 बजे से विशाल शोभायात्रा श्री अग्रवाल सेवा सदन चांदपोल बाजार से रवाना होकर छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट होते हुए आगरा रोड स्थित अग्रवाल कॉलेज प्रांगण पहुंचेगी इसमें लक्की ड्रा और बहुत सारे आकर्षण रखे गए है। 5 अक्टूबर शनिवार को श्री अग्रसेन कटला में 1 बजे से 6 बजे तक रंगारंग महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 6 अक्टूबर रविवार को श्री अग्रसेन कटला में सुबह 8.30 बजे से 1 तक मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। 7 अक्टूबर सोमवार को सायंकाल 6 बजे से स्टैचू सर्किल स्थित बिडला सभागार में समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।







# जैन सोशल ग्रुप सम्यक के द्वारा सामूहिक क्षमावाणी का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दस लक्षण पर्व के समापन पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक के द्वारा सामूहिक क्षमावाणी का आयोजन दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूल गिरी में आयोजित किया गया। ग्रुप सचिव नवल जैन ने बताया कि भाद्रपद मास की समाप्ति पर क्षमावाणी का आयोजन किया जाता है। ग्रुप के सभी सदस्य प्रातः 11 बजे चूलगिरी पहुंचे। वहां मंदिर में दर्शन व जिनभक्ति के पश्चात एक दूसरे से क्षमावाणी की, तत्पश्चात दाल, बाटी चूरमे का आनंद लिया। वहां से गोनेर जैन मंदिर में दर्शन के पश्चात अतिशय क्षेत्र पदमपुरा पहुंचे। वहां दर्शन व आरती कर आदिश्वर धाम चाकसू में दर्शन कर वापस जयपुर लोटे। ग्रुप के इस कार्यक्रम में अध्यक्ष इन्द्र कुमार-स्नेहलता, सचिव, नवल सुनीता जैन, संस्थापक अध्यक्ष महावीर-लक्ष्मी बोहरा, कोषाध्यक्ष मुकेश-कल्पना शाह, धनकुमार-अंजना जैन, विजय-सीमा सोनी, महेश-सरला जैन, पंकज-मंजुला जैन, आदि सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदस्य अंजना जैन का जन्म दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। साथ ही नए जुड़े सदस्य पंकज जी जैन का स्वागत भी किया गया। अध्यक्ष डॉ इन्द्र कुमार जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सकल दिगम्बर जैन समाज के सामूहिक क्षमापना समारोह के लिए कीर्तिनगर में मुनि संघों का हुआ मिलन

## भव्य जुलूस के साथ पहुंचेंगे महावीर स्कूल, क्षमापना समारोह रविवार को

## दिगम्बर जैन आचार्य मुनिराजों के सानिध्य में राजस्थान जैन सभा करेगी 93 त्यागीव्रती तपस्वियों का अभिनन्दन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज का सामूहिक क्षमापना समारोह दिगम्बर जैन आचार्य मुनिराजों के सानिध्य में रविवार 22 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के लिए दिगम्बर जैन मुनि संघों का शुक्रवार को कीर्तिनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मिलन हुआ। महावीर स्कूल में रविवार को प्रातः 8.00 बजे से आयोजित होने वाले इस समारोह में 93 त्यागी व्रती तपस्वियों का अभिनन्दन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि सी - स्कीम स्थित महावीर स्कूल में आयोजित इस समारोह में 10 दिवस के 86, 16 दिवस के 5 एवं 32 दिवस के उपवास करने वाले 2 त्यागी व्रतियों का अभिनन्दन किया जाएगा। समारोह के मुख्य समन्वयक दर्शन जैन एवं समन्वयक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि समारोह में सानिध्य प्रदान करने के लिए शुक्रवार को कीर्तिनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि संघों का मिलन हुआ। इस मौके पर दुगार्पुरा के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर मुनि पावन सागर महाराज ससंघ कीर्तिनगर पहुचे जहां मुनि समत्व सागर मुनि शील सागर महाराज एवं राजस्थान जैन सभा जयपुर के सुभाष चन्द जैन, मनीष बैद, विनोद जैन कोटखावदा, प्रदीप जैन, सुभाष बज सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य अगवानी की। आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर से शनिवार को प्रातः 6.30 बजे मंगल विहार कर कीर्तिनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुचेगे वहीं बरकतनगर के णमोकार भवन से मंगल विहार कर मुनि अर्चित सागर महाराज भी कीर्तिनगर पहुचेगे। जहां मुनि संघों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा उनकी भव्य अगवानी की जाएगी। रविवार को आचार्य शशांक सागर महाराज, मुनि पावन सागर महाराज, मुनि समत्व सागर महाराज, मुनि अर्चित सागर महाराज ससंघ कीर्तिनगर से प्रातः 6.00 बजे मंगल विहार कर महावीर स्कूल पहुंचेंगे। जहां सामूहिक क्षमापना समारोह को सानिध्य प्रदान करेंगे। मुख्य संयोजक प्रदीप जैन ने बताया कि सामूहिक क्षमापना समारोह में चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, पाद पक्षालन, जिनवाणी भेट, त्यागी व्रतियों का अभिनन्दन के बाद आचार्य मुनिराजों के मंगल प्रवचन होंगे। समारोह से पूर्व समाज बन्धुओं का अल्पाहार एवं अन्त में वात्सल्य सहभोज होगा। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने बताया कि समारोह की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। समारोह के लिए कई तरह की समितियां गठित की गई है।





# हम सब सहित सारे के सारे रत्न सागर से ही आचार्य श्री ने निकाले : मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज

## आचार्यश्री ने सुधासागर को आज दिया था मुक्ति का बीज: गम्भीर सागर जी
## ये ऐसे संत हैं जिनकी सेवा में सदा देवता रहते हैं: आर्यिका रत्न उपशांत मति माताजी

**सागर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के वैयालिस वे दीक्षा दिवस परम पूज्य आर्यिका रत्न उपशांत मति माताजी ससंघ क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया के निर्देशन में मनाया गया। इस में देशभर से भक्तों का सेलाब सागर पहुंचा जहां प्रातः काल की वेला में जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर अशोक नगर, एस के जैन दिल्ली, विनय भाई अहमादाबाद, दानोदय तीर्थ के सुरेंद्रकुमार राजेन्द्र कटरिया सहित अन्य भक्तों को मिला

### लोस अध्यक्ष के आतिथ्य में दीक्षा दिवस मन रहा है: विजय धुर्रा

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का 42 वा दीक्षा दिवस भव्य समारोह प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया के निर्देशन में विनोद छाबड़ा जयपुर की टीम के साथ भव्य प्रस्तुति के रूप देखने को मिलेगा। दोपहर में महा पूजा होगी अभी पाठशाला के बच्चो द्वारा मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज के जीवन पर आधारित एक भव्य नाटकीय की प्रस्तुति की जा रही है इस दौरान तीर्थ क्षेत्र नैनगिर में हुई क्षुल्लक दीक्षा की प्रस्तुति दी गई । इस दौरान गोदभराई विनोली के साथ दीक्षासंस्कार का रुपांकन किया गया ।

### हम सब सारे के सारे रत्न सागर से ही आचार्य श्री ने निकाले : मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

इस दौरान मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि सागर से आचार्य भगवंत ने बहुत सारे रत्न निकालें उनके कारण ही युवा धर्म से जुड़े आचार्य श्री ने संयम के मार्ग पर मोड़ बह भगवान महावीर स्वामी के वाद शायद ऐसी सबसे बड़ी घटना होगी इन दो हजार सालों में पूरा वाल ब्रह्मचारी संघ जिसमें सैकड़ों दीक्षा ये हुई बहुत सारे युवाओं को धर्म की ओर मोड़ दिया।



### सामाजिक नैतिक जन जागरण कर रहे हैं सुधा सागर जी महाराज: ओम बिरला

दोपहर में हुए मुख समारोह में दीप प्रज्वलन एस के जैन दिल्ली, प्रमोद पहाड़ियां जयपुर, हुकम काका कोटा, विनय भाई अहमादाबाद, शैलेन्द्र गोधा समाचार जगत जयपुर, सुमन दगड़ व्यावर, उत्तम पाटनी ने किया वहीं पाद प्रक्षालन सुशीला पाटनी आर के मार्वल, राजेन्द्र कटारिया अहमदाबाद द्वारा किया गया । इस दौरान मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला मध्यप्रदेश सरकार के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सांसद लता वानखेड़े राजपूत विधायक शैलेंद्र जैन ने मुनिश्री के चरणों में श्री फल भेंट किए इस दौरान चातुर्मास कमेटी गौरव अध्यक्ष राजेंद्र जैन सुरेन्द्र कुमार बट्टू कार्याध्यक्ष राजेश एडवीना सर्वाध्यक्ष आशीष पटना महामंत्री राजकुमार मिनी मुख्य संयोजक ऋषभ बांदरी कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र वडेरा साहिल डवडेरा अंकित जैन प्रशांत सानोधा सहित अन्य प्रमुख जनो ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया । इस दौरान परम पूज्य मुनि श्री के परम भक्त लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला ने कहा कि मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज सामाजिक जागरूकता के साथ नैतिक जन जागरण कर रहे हैं मुझे परम पूज्य गुरुदेव की वर्षो से निकटता का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है कितनी भी व्यस्तता हो फिर भी हमारे राकेश मंडियां हमें दर्शन का अवसर दिला देते हैं कोटा के अंदर महाराज जी की प्रेरणा से बालिकाओं के लिए छात्रावास बालकों के लिए छात्रावास गौशाला पक्षी शाला चिकित्सा सुविधाएं और ना मालूम कितने काम हुए और जहां भी महाराज जी पहुंचे हैं वहां सबसे पहले मन्दिर जो हमारे देश की संस्कृति को जीवित रखें हुए हैं बनवाया करते हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सब ने भी राम मन्दिर के निर्माण में योगदान दिया आज मुझे वायालीस वे दीक्षा दिवस समारोह में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आप जहां जाते हैं वहां धर्म संस्कारो से सभी लाभन्वित होते हैं।इस दौरान संगीत के साथ भव्य प्रस्तुतियों के साथ आचार्य श्री व पूज्य श्री की महा पूजन की गई जिसमें देशभर से पहुंचे भक्तों को अर्घ्य समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ने कहा कि इनको इंजिनियर कहे या वस्तुविग कहे या तीर्थ उद्धवदरक इन्हें तव कहा गया जव इन्होने देवो से भरे देवगढ़ तीर्थ क्षेत्र का उद्धार करकर चार सौ अड़सठ प्रतीमा तीज का दिन है आज तुम्हें मुक्ति का बीज देते हू और तीर्थ राज सम्मेद शिखर में दीक्षा के संस्कार देकर मुक्ति का द्वार जनता के लिए खोल दिये इनका जीवन बहुत संघर्ष मय रहा सात बार निमोनिया ने घेरा और भी कई उपसर्ग सहकर ये निखरते रहे फिर वैराग्य हो आचार्य भगवंत कर कमलों से दीक्षा ग्रहण कर आज भगवान जिनेन्द्र देव की अभूतपूर्व प्रभावना कर रहे हैं।





# 28 मूल गुणों के धारी होते हैं सच्चे मुनिः मुनि प्रणम्य सागर महाराज

## जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन, पार्श्वनाथ कथा में उमड़े श्रद्धालु






### मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर शनिवार को प्रातः 8.15 बजे होगी धर्म सभा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से शुक्रवार को मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया जिसमें मुनि श्री ने बताया कि 22 परिषह जो कि मुनिराजों के उत्तर गुणा होते हैं, वो उन्हें सहन करते हुए अपने 28 मूल गुणों को दृढ़ करते हैं। मुनि श्री ने कहा कि हम धार्मिक आयोजन जैसे पूजा विधान, दशलक्षण इत्यादि अभव पूर्वक मनाते हैं पर उत्साह पूर्वक नहीं मनाते। हमें इन्हें उत्सव व आनन्द पूर्वक मनाना चाहिए। और जब कभी भी यह उत्सव आये तो उन्हें मनाने का भाव रखना चाहिए। इस मौके पर मुनि श्री ने सुधा परिषह का मर्म समझाया। इससे पूर्व आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। शांतिनगर जैन समाज द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन प्राप्त किया। समिति के उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य अरुण पाटोदी, विजय झांझरी ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। समिति के कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन राजभवन वाले एवं कार्यकारिणी सदस्य अरुण पाटोदी ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शनिवार, 21 सितम्बर को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी।





**फोटोः कुमकुम फोटो साकेत, 9829054966**

## भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ बैठक

# "राइजिंग राजस्थान" से बढ़ेगा निवेश, बदलेगी प्रदेश की तस्वीर, निवेश से बढ़ेगा रोजगार, प्रदेश होगा अग्रणी: मुख्यमंत्री

## सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों ने निवेश पर अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए

जयपुर. कासं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए बेहतर अवसरों का निर्माण किया जाए। इसी क्रम में प्रदेश में ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट'' का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के माध्यम से निवेश के साथ ही रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकेगी एवं राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बनेगा। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट के संबंध में भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को सेवा-काल के दौरान लोक सेवक के रूप में विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त होता है। इनके अनुभवों के आधार पर प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव प्रदेश में निवेश को बढ़ाने में निर्णायक साबित होंगे। उल्लेखनीय है कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट'' में देश-विदेश के प्रसिद्ध उद्योगपति, औद्योगिक समूह, विभिन्न देशों के व्यापारिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि मंडल इत्यादि सम्मिलित होंगे। इस समिट की पूर्व गतिविधियों के रूप में अंतरराष्ट्रीय रोडशो, कॉन्फ्रेन्सेज, राउंडटेबल्स तथा विभागों के साथ प्री-समिट आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में साउथ कोरिया, जापान, यूएई एवं कतर में भी इन्वेस्टर मीट आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही, प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों, राज्यों, केन्द्रीय मंत्रालयों एवं पीएसयू से समन्वय करने के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने राइजिंग राजस्थान व निवेश संवर्द्धन को लेकर अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। इन अधिकारियों में चन्द्रमोहन मीणा, रवि माथुर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, ललित के. पंवार, श्रीमत पांडे, श्याम अग्रवाल, दीपक उप्रेती, मुकेश शर्मा, संजय दीक्षित, राजेश्वर सिंह, डी.बी. गुप्ता, श्रीमती वीनू गुप्ता एवं अजीत सिंह शामिल रहे। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा एवं प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता सहित उद्योग विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।



# राजस्थान फाउंडेशन की कमिश्नर ने जापानी दूतावास के प्रतिनिधिमंडल के साथ की बैठक

### आगामी "राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट" के तहत प्रदेश में जापानी निवेशकों की सहभागिता पर की चर्चा

जयपुर. कासं

नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में शुक्रवार को राजस्थान फाउंडेशन की कमिश्नर मनीषा अरोड़ा ने जापानी दूतावास के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर आगामी राइजिंग राजस्थान समिट 2024 तहत 1 अक्टूबर को नई दिल्ली में होने वाली 'एंबेसडर राउंड टेबल बैठक' को लेकर मीटिंग की। अरोड़ा ने बताया कि हमने जापानी दूतावास के प्रतिनिधिमंडल के साथ आगामी 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट'' में जापानी निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा की साथ ही राजस्थान में निवेश के अवसरों, आर्थिक विकास की संभावनाओं तथा प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में जापानी दूतावास के प्रतिनिधियों के साथ जानकारी साझा की। इस अवसर पर अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजू ओमप्रकाश, उप आवासीय आयुक्त रिंकू मीणा और मनोज सिंह सहित संबंधित अधिकारी




# जयपुर से श्री महावीर जी की 77 वीं पदयात्रा 3 अक्टूबर को रवाना होगी

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगंबर जैन पदयात्रा संघ के तत्वावधान में जयपुर से श्री महावीर जी की 77वीं अमृत पदयात्रा संरक्षक तारा चन्द वैद के नेतृत्व में 3 अक्टूबर को जयपुर से रवाना होगी। पदयात्रा के प्रचार प्रसार संयोजक मंगलेश जैन (मटरू) महेश बाकलीवाल, विनोद बड़जात्या, मिनित चांदवाड ने बताया कि पदयात्रा 3 अक्टूबर को आगरा रोड स्थित चूलगिरी खानियांजी से आरती के पश्चात सायं 5 बजे रवाना होगी। पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज के सानिध्य में प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में किया गया।




# मुख्यमंत्री निवास पर मनाया जाएगा क्षमावाणी महा पर्व, प्रत्येक जिले से विशिष्ट सम्मान श्रेष्ठियों को किया आमंत्रित



पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर आयोजित
'क्षमावाणी महोत्सव'
में
आप सादर आमंत्रित हैं।

सितम्बर 2024, शनिवार
0 से 6:30 बजे : फलाहार/भोजन
0 बजे से : क्षमावाणी पर्व कार्यक्रम
श्यप मुम्बई एण्ड ग्रुप के द्वारा भजनों की प्रस्तुति
त्री निवास, भोपाल

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

विगत कुछ वर्षों पूर्व, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर शुरू किये गये क्षमावाणी दिवस को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस परम्परा को कायम रखते हुए, इस वर्ष 21 सितम्बर, शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित किया जा रहा हैं। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि उनके द्वारा एक कदम और आगे बढ़ते हुए भोपाल के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी जैन समाज के प्रतिष्ठित समाज बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री निवास पर समाज जन आमंत्रित अतिथियों के लिए सूर्यास्त पूर्व फलाहार/भोजन की व्यवस्था की गई है, इसके उपरांत क्षमावाणी महा पर्व कार्यक्रम होगा। एवम श्री सिद्धार्थ कश्यप मुम्बई एंड ग्रुप के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी।




# दस लक्षण पर्व के समापन पर रथोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**नौगामा. शाबाश इंडिया**

दस लक्षण पर्व के समापन पर रथोत्सव धूम धाम से मनाया गया। शोभायात्रा में जमकर श्रद्धालु झूमे। प्रातः आदिनाथ मंदिर भगवान महावीर समवशरण मंदिर मे माता जी के सानिध्य में वागड़ के बड़े बाबा आदिनाथ भगवान नेमिनाथ भगवान पारसनाथ भगवान की शांति धारा बड़े भक्ति भाव से हुई। अभिषेक के बाद आदिनाथ भगवान पारसनाथ भगवान की प्रतिमाओं को चांदी की गंधकुटी में विराज मानकर बैंड बाजो के साथ चातुर्मास पंडाल में विराजमान किए गए। पंडाल में विराजमान के बाद पारसनाथ भगवान और आदिनाथ भगवान की पूजन पंडित रमेश गांधी मोनू भैया मुंगावली के मधुर स्वर लहरों के साथ भक्ति भाव पूजन की गई।।तक पश्चात 10 लक्षण पर्व के दिनों में पांच उपवास 10 उपवास 16 उपवास करने वाले तपसियों का दिगंबर जैन समाज की ओर से चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष निलेश जैन ,राजेंद्र गांधी, नरेश जैन ने पगड़ी पहनकर माला एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया । माताजी ने कहा कि आपके द्रव्य दान से नौगामा नगर में सुखोदय क्षेत्र में जो विशाल जैन मंदिर बन रहा है उसमें लगे एवं शीघ्र से शीघ्र गुरुवर सुधा सागर जी की महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठा हो ऐसी भावना रखते हैं हमारे संघ का पुनः आपको आशीर्वाद दिया। दोपहर में गाजे बाजो के साथ विशाल शोभा यात्रा माताजी के सानिध्य में श्री जी के साथ एवं तपस्वी घोड़ा बग्गी में बिठाकर कास्ट निर्मित रथ के साथ विशाल शोभा यात्रा नगर भ्रमण को निकली। शोभायात्रा ने भगवान नेमिनाथ के जयकारों के साथ गरबा नृत्य करते हुए महिला केसरिया वस्त्र और पुरुष सफेद वस्त्रो समवशरण मंदिर परिसर पहुंचा। जहां पर श्री जी को अष्ट द्रव्य चढाकर श्रीजी की अगवानी की गई। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए अंबा माता परिसर पहुंचे जहां पर पूजन के बाद



फूलमालाओं की बोली पिंडारर्मिया केसरीम छगनलाल, गांधी कौशल जयंती लाल प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ शोभायात्रा पुन आदिनाथ मंदिर पहुंची जहां पर सभी भक्तों द्वारा करवा नृत्य किया गया आज का स्वरुचि भोज गांधी दानमल हीरालाल पंचोरी संयम साधना सुभाष चंद्र को देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ नवयुग मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी के सानिध्य में रथ भंडारकर सभी नवयुग समवरण मंदिर पहुंचे जहां पर भगवान को नमोस्तु कर विसर्जन हुआ। उक्त जानकारी जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी द्वारा दी गई।


।। श्री आदिनाथाय नमः ।। !! श्री पद्मप्रभनाथाय नमः !! ।। श्री महावीराय नम : ।।



भारतीय जैन युवा परिषद्

एवं सकल दिगम्बर जैन समाज जयपुर के तत्वाधान में

विशाल पद यात्रा

बाड़ा–पदमपुरा

दिनांक :– 21, 22 सितम्बर 2024

शुभ कामनाओं सहित



21 सितम्बर सायंकालीन दूध पुण्यार्जकः–

अरुण, सुमन (अंगुरी), शनि, निशा, रवि, प्रगती, हर्षित, वृती, जक्स, मोक्ष एवं समस्त पाटनी परिवार (विवेक विहार, जयपुर)

मो. 8290122504

# तपस्वी का वरघोड़ा निकाला



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद । दिगंबर जैन समाज के सम्पन्न हुए दक्ष लक्षण पर्व के दौरान दस दिन तक निराहार रहकर उपवास करने वाली तपस्वीयो का गुरुवार को वरघोड़ा निकाला गया। दिगम्बर जैन समाज की तपस्वी अमिता पाटनी का वरघोड़ा ताराचंद सेठी की नसियां से बैण्ड-बाजों के साथ निकाला गया।जो नगर के मुख्य बाजार होता हुआ ज्ञानसागर समाधि पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जहां विनतियों का कार्यक्रम संपन्न हुआ। रास्ते में जगह-जगह लोगों द्वारा तपस्वी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# 29वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय बॉक्सिंग प्रति. में लिटिल फ्लावर स्कूल के विद्या. द्वारा 5 गोल्ड, 5 सिल्वर, 5 ब्रॉज मेडल जीतकर विजेता ट्रॉफी की अपने नाम



नरेश सिगची. शाबाश इंडिया

रावतसर । 29वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन लिटिल फ्लावर शिक्षण संस्थान 12 KWD स्कूल में हुआ। 29वी जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर पी.डी. शर्मा, हेतराम बलियारा (संरक्षक), आत्माराम गोदारा, आत्माराम सहारण, विनोद सिरोलिया ,सुरेंद्र शर्मामुख्य अतिथि : धर्मेंद्र मोची (पूर्व विधायक ) क्रियाशी मूंड(जिला टॉपर 98% ) D/o डॉ. राजा राम मूंड ,विशिष्टअतिथि : मुकेश न्योल ( ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन रावतसर अध्यक्ष), विमल चांडक, डॉ विनोद करडवाल , मोहन बलियारा , ओम प्रकाश पूनिया , गिरधारी सहारण , अमर सिंह जी गोदारा , फतेह सिंह नरूका, सुशील हरलिया, अशोक बिश्नोई, हरिराम पूनिया, मांगीलाल पूनिया , राजू बिस्सू, लीलाधर पूनिया , सुनील पूनिया, शंभू शर्मा , दौलत राम मेघवाल, हेतराम मेघवाल , राकेश कुलड़िया, शीशपाल महेला, निरंजन शर्मा, सुभाष सिहाग , रजत स्वामी , सरवन, मुस्तफा , संदीप पूनिया , निक्कू भाट, कृष्ण पारिक, नंदलाल कलवानियां, हिमांशु गर्ग, प्रतियोगिता संयोजक अक्षय कुमार व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। यह जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नासर प्रधानाध्यापक महेंद्र चौहान की देखरेख में संपन्न हुई

# डडूका के उपवासधारकों का फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज द्वारा हुआ सम्मान



अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया

डडूका। फैडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज द्वारा डडूका दिगम्बर जैन समाज के 6 उपवास धारकों का सम्मान कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं गई। फैडरेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत कोठिया ने बताया की डडूका निवासी तनेश शाह, राहुल सेठ, राजेन्द्र सेठ, हिमांशु शाह, चंदनबाला शाह तथा निशा कोठिया को फेडरेशन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मुनि दर्पण निशुल्क मासिक पत्रिका की प्रतियां भेट कर बहुमानित कर उनके उपवास व्रत की अनुमोदना की गई। प्रशस्ति पत्र राजेश शाह, अंकित शाह, राकेश शाह, मनोज शाह,अजीत कोठिया, वस्तुपाल शाह तथा भरत जैन ने भेट किए। फैडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज की ओर से सभी उपवास कर्ता भाई बहनों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। संचालन राजेन्द्र कोठिया ने किया।

# मधु पाटनी एवम राकेश पालीवाल का हुआ सम्मान



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। आप हम एवं सपना संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय बाल समारोह के अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष मधु पाटनी का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भागीरथ चौधरी शहर अध्यक्ष रमेश सोनी एवं गणमान्य व्यक्तियों के सम्मुख संस्था के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर सम्मान किया गया एवं इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा किए जा रहे कार्यों विशेषकर सामाजिक सरोकार के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अनुमोदना की गई इस अवसर पर समिति की



कोषाध्यक्ष श्रीमती सुषमा पाटनी एवं युवा महिला प्रकोष्ठ मंत्री श्रीमती रेणु पाटनी का भी संस्था द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर अजमेर की विभिन्न विद्यालय के प्रतिनिधि,छात्र छात्राओं के अलावा विशिष्टजन मोजूद रहे । श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर संस्था द्वारा समिति के संरक्षक राकेश पालीवाल को स्मृति चिन्ह देते हुए उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद बच्चो के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



# झोटवाड़ा के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गोद भराई एवं बिंदोरी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** झोटवाड़ा के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गोद भराई एवं बिंदोरी कार्यक्रम आयोजित किया। मंत्री दिनेश काला, निर्मल पांड्या, सुगन पापड़ीवाल, महेश बांछल, प्रमोद छाबड़ा,संजय काला, विजय सोगानी, विनोद पाटनी,रितेश ठोलिया ने बताया कि गुरुवार दिनांक 19 सितंबर 2024 सांयकालीन 7:00 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, झोटवाड़ा के धर्मशाला प्रांगण में संयम-दीक्षा महोत्सव के पूर्व परम पूज्य प्रज्ञाश्रमण आचार्य भगवंत श्री चंद्रगुप्त जी गुरुदेव ने अपने संघस्थ पूज्य त्यागी वृंद प्रिय ब्रह्मचारिणी बहन अलका दीदी प्रिय ब्रह्मचारिणी बहन जनक दीदी को श्री गजपंथाजी सिद्धक्षेत्र के अनंत सिद्ध भगवान के आशीर्वाद एवं परम पूज्य गुरुदेव की छत्रछाया में स्वयं के कर कमलों से आगामी दिनांक 1 फरवरी 2025 को पूज्य त्यागियों के दीक्षा संस्कार दिए जाने की घोषणा की। दीक्षा पूर्व सभी दिक्षार्थियो की बिंदोरी एवं गोद भराई का कार्यक्रम आज दिनांक 19 सिंतबर को साय 7:00 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर धर्मशाला प्राँगण मैं रखा गया। सकल दिगंबर जैन समाज झोटवाड़ा के सदस्यों ने सहपरिवार पधार कर गोद भराई भव्य बिंदोरी कार्यक्रम के साक्षी बने एवं धर्म लाभ अर्जित किया।

# शालीमार एनक्लेव जैन मंदिर में मनाया क्षमावाणी महापर्व, भक्तों ने किया प्रभु का जल अभिषेक

**आगरा. शाबाश इंडिया**

कमलानगर स्थित शालीमार एनक्लेव के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर दशलक्षण महापर्व के समापन के अवसर पर वार्षिक कलशाभिषेक एवं क्षमावाणी समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष समाज को प्रथम बार देव शास्त्र एवं गुरु तीनों का एक साथ सानिध्य प्राप्त हुआ जिसमें आगरा में चल रहे अर्पितमय पावन वषायीग के अंतर्गत मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ का सानिध्य भी समाज को प्राप्त हुआ। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर जी से श्रीजी पालकी रथ एवं मां जिनवाणी को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा नगर में भ्रमण करती हुई सौभाग्यशाली पारस जैन मधु जैन प्रॉपर्टी के निवास स्थान से अभिषेक हेतु जल भर वापस फोन मंदिर की मुख्य द्वार पर पहुंची इसके पश्चात श्रीजी को रजत में पाडुक शिला पर विराजमान कर



पूज्य उपाध्याय संघ के प्रवचन में क्षमा के महत्व को बताते हुए एक दूसरे से क्षमा करने की सिख प्रदान करी । जिसके मध्य में मंदिर व्यवस्था समिति के आग्रह पर पूज्य मुनि संघ द्वारा शालीमार में विगत कई वर्षों से निर्माण अधीन संत निलय हेतु कमरे पिलर इत्यादि की स्वीकृति समाज के कई परिवारों ने अपनी ओर से प्राप्त हुए जिसके लिए शालीमार मंदिर व्यवस्था समिति एवं ट्रस्ट द्वारा पूज्य श्री के समक्ष आगामी 24 अक्टूबर 2024 को संत निलय के शिलान्यास हेतु सानिध्य प्राप्त करने हेतु श्रीफल भेंट किया।

इसके पश्चात मंदिर व्यवस्था समिति द्वारा 10 लक्षण महापर्व में देने वाले सहयोगियों का अभिनंदन किया गया जिसके पश्चात श्री जी की अभिषेक एवं शांति धारा पूज्य मुनि श्री के मुखारविंद से हुई। जिसमें कार्यक्रम के अंत में सभी छोटों ने बड़ों से एवं बड़ों ने छोटों से हाथ जोड़ एवं गले मिलकर गत वर्ष में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में समाज के प्रमुख श्रेष्ठी जन श्री निर्मल मोठया, राजेश जैन गया वाले, शैलेश जैन संजीव बेनाडा राजेश बैनाडा राजू गोधा, राजू कुमार गुड्डु, संजू गोधा, शैलेंद्र रपरिया, विमल जैन, रूप चन्द सोनी, मुकेश रपरिया, अनिल अहिंसा उत्तम चंद गोधा, उषा मार्सस विनीत जैन कविता जैन नाली जैन आभा जैन कल्पना जैन कमला जैन संगीता जैन आदि के साथी समस्त ग्रेटर कमला नगर समाज के साथ आगरा जैन समाज मौजूद रही जिसमें रथ यात्रा एवं भोजन व्यवस्था शालीमार जैन युवा मंडल द्वारा संभाली गई।



# पारसमल बगड़ा ने किए 32 दिन के उपवास

## सर्व समाज की संस्थाओं ने किया नागरिक अभिनंदन

**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** सुजानगढ़ निवासी श्रेष्ठी पारसमल बगड़ा ने भाद्रपद मास में 32 दिन के उपवास किए। एक समारोह में सर्व समाज की सामाजिक संस्थाओं ने श्री दिगंबर जैन भवन में विगत 32 सालो से लगातार दस लक्षण महाव्रत धारण करने वाले श्री दिगंबर जैन समाज के मंत्री पारसमल बगड़ा का नागरिक अभिनन्दन किया। समाज के प्रवक्ता महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि नागरिक अभिनन्दन से पहले पारसमल व उनकी पत्नी गणपति देवी को घर से बग्घी में बैठाकर गाजे बाजे के साथ जैन भवन लाया गया। इस दौरान विभिन सामाजिक संस्थाओं के लोगो ने कहा कि पारसमल बगड़ा हर सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं। समाज के अध्यक्ष सुनील जैन सड़ूवाला ने उपस्थित जनों का स्वागत किया ।इस अवसर पर सभापति नीलोफर गौरी, गिरधर भोजक, कमल तापड़िया, धर्मेंद्र किलका, विष्णुदत त्रिवेदी, सुभाष पारीक, खड़गसिंह बांठिया, संतोष सड़ूवाला, शिवभगवान सोनी, मुकेश रावतानी आदि ने भी उनकी तपस्या की अनुमोदना की। इस अवसर पर प्रेमप्रकाश तुनवाल, जितेन्द्र मिरणका, रामरतन बोचीवाल, बाबूलाल गुर्जर, रफीक खीची, मानकचंद सराफ, हितेश जाखड़, एड मनीष दाधीच, महेश तंवर, बाबूलाल गुर्जर, खुशीराम चांदरा, महावीर पाटनी, विनीत बगड़ा, आदि ने स्वागत करने के साथ ही अभिनन्दन पत्र सौंपा। समाज के प्रवक्ता संतोष जैन साड़ूवाले ने बताया कि सुजानगढ़ समाज की महान विभूति श्रेष्ठी पारसमल बगड़ा 73 वर्ष की आयु में भी दस लक्षण के उपवास कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है ।उल्लेखनीय हैं कि ये पिछले 32 वर्ष से लगातार दस लक्षण पर उपवास कर रहे हैं तथा हर रोज मंदिर में चार घंटे अधिक पर पूजा विधान अपनी ओजस्वी आवाज में कर रहे हैं। उनको पूरा विधान याद हैं। ऐसी विभूति को नमन। आभार प्रभारी महावीर पाटनी ने व्यक्त किया।



समाज के प्रवक्ता महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि नागरिक अभिनन्दन से पहले पारसमल व उनकी पत्नी गणपति देवी को घर से बग्घी में बैठाकर गाजे बाजे के साथ जैन भवन लाया गया। इस दौरान विभिन सामाजिक संस्थाओं के लोगो ने कहा कि पारसमल बगड़ा हर सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं।